अपने देश का झण्डा देखकर आपके मन में कैसी भावनाएँ आती हैं?

→ अपने देश का झण्डा देखकर मन में सम्मान एवं आदर की भावना जागती है। यह झण्डा हमारी एकता का प्रतीक है। परिचय है। हम अपने देश के झण्डे को तिरंगा के नाम से जानते हैं। इसके तीन रंगों में तीन अलग भावनाएँ हैं। सबसे ऊपर केसरी रंग है, जो वीरता और बलिदान की निशानी है। झण्डे के बीच में सफेद रंग है, जो शांति का प्रतीक है। सफेद रंग के ऊपर नीले रंग से अशोक चक्र बना है जो सत्य पर चलने का आग्रह करता है। सबसे नीचे हरा रंग है, जो हरियाली और सफलता की निशानी है।

देश के नेताओं ने इसी झण्डे के सामने देश को आज़ाद कराने की प्रतिज्ञा ली थी। आज भी स्वतंत्रता दिवस पर हम झण्डे के सामने शीश झुकाते हैं। रोज विद्यालय में राष्ट्रगीत गाते हुए अपने देश के झण्डे को देखकर गर्व से सिर ऊंचा हो जाता है।

जयहिंद।